“आलू की समस्याएँ एवं सरकारी योजनाएँ” विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यकम, किसान गोष्ठी एवं लोक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम पर आज दिनांक 09 दिसंबर, 2022 को अनूसूचित जाति -उप परियोजना के अंतर्गत “आलू उत्पादन की तकनीक” विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यकम, “आलू की समस्याएँ एवं सरकारी योजनाएँ” विषय पर किसान गोष्ठी एवं आकाशवाणी के लोक कलाकार समूहों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत 100 से अधिक किसानों के आलू उत्पादन की उन्नत तकनीकों के विभिन्न विषयों - आलू की नवीन विकसित प्रजातियों, सस्य क्रियाओं, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, सिंचाई की आधुनिक तकनीक, बीज आलू उत्पादन, आलू फसल के प्रमुख रोगों और कीटों की रोकथाम के विषय में विस्तार से बताया और किसानों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। उसके बाद किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

उसके बाद “आलू की समस्याएँ एवं सरकारी योजनाएँ” विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसके के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक महोदय डॉ देवेंद्र कुमार रहे। जिसमें सर्वप्रथम केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ मनोज कुमार ने भारत में आलू के विकास एवं अनुसंधान विषय पर किसानों को विस्तार से बताया। तत्पश्चात श्री ब्रजेश चंद्र, उपनिदेशक (कृषि) ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया और किसानों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। आकाशवाणी से पधारे श्री प्रमोद कुमार, कार्यक्रम अधिकारी ने “जन-जन की वाणी : आकाशवाणी” के विषय में चर्चा की, जिसमें उन्होंने आकाशवाणी द्वारा किसानों के लिए प्रसारित कार्यक्रमों के विषय में बताया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने किसानों की आलू फसल से संबन्धित समस्याओं का समाधान किया। संस्थान के निदेशक डॉ देवेंद्र कुमार ने अपने सम्बोधन में किसानों से उन्नत तकनीकों द्वारा बीज आलू का उत्पादन स्वयं करने का आह्वान किया।

उसके बाद आकाशवाणी के लोक कलाकारों द्वारा किसानों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए लोक संगीत (रागनियां) प्रस्तुत की। जिससे उपस्थित किसानों का भरपूर मनोरंजन हुआ।

अनूसूचित जाति उप परियोजना के अंतर्गत
कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम
आलू उत्पादन तकनीक
POTATO PRODUCTION TECHNIQUES

आलू उत्पादन से सम्बन्धित समस्या
एवं सरकारी योजनायें

CPRI
आलू उत्पादन से सम्बन्धित समस्या
एवं सरकारी योजनायें

CPRI
आलू उत्पादन से सम्बन्धित समस्या
एवं सरकारी योजनायें

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणी: दिल्ली
लोकोत्सव - लोकसंगीत "रागिनी"

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणी: दिल्ली